CS (Main) Exam :,2014

**C-DRN-N-RPTB**

# राजनीति-विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध / POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>*Time allowed : **Three Hours*** | अधिकतम अंक : 250<br>*Maximum Marks : **250*** |
|---|---|

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) भारत में दलीय व्यवस्था न तो पाश्चात्य है और न ही देशी है । व्याख्या कीजिए ।

Party system in India is neither western nor indigenous. Explain. *10*

(b) नव सामाजिक आंदोलन किस लिहाज़ से प्रकृति में नवीन है ? चर्चा कीजिए ।

In what respect is the new social movement new in nature ? Discuss. *10*

(c) क्या आप सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र (यू.एन.) राष्ट्रपार आंतकवाद को काबू करने में असफल रहा है ? अपने उत्तर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

Do you agree that the U.N. has failed to contain transnational terrorism ? Elaborate your answer with examples. *10*

(d) "अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में नारी-अधिकारवादी उपागम पक्षपाती है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"The Feminist approach to international politics is biased." Comment. *10*

(e) "यूक्रेन का संकट शक्ति राजनीति और भू-राजनीति की उपज है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Ukraine crisis is a product of power politics and geo-politics." Comment. *10*

**Q2.** (a) "सहयोग के इतने अधिक स्वीकृत क्षेत्रों, असंख्य संस्थागत यंत्रावलियों और एक स्थायी सचिवालय के बावजूद, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) क्षेत्रीय समूहन की अर्थपूर्ण उड़ान नहीं ले पाया है ।" विवेचना कीजिए ।

"Despite so many agreed areas of cooperation, innumerable institutional mechanisms and a permanent secretariat, South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) has not taken off as a meaningful regional grouping." Discuss. *20*

(b) वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की पर्यावरण चिंताओं के प्रति उपागमों का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically evaluate the approaches of global south towards addressing environment concerns. *15*

(c) राष्ट्रीय सुरक्षा की संकल्पना की बदलती हुई प्रकृति का समालोचनात्मक आकलन कीजिए ।

Critically assess the changing nature of the concept of national security. *15*

**Q3.** (a) बदलते हुए वैश्विक परिवेश के संदर्भ में, संयुक्त राष्ट्र-संघ के सुधारों के लिए तर्क दीजिए ।

Argue a case for U.N. reform in the context of changing global milieu. *20*

(b) अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मिस्टर 'एक्स' कौन था ? विदेश नीति के सम्बन्ध में, उसके उपागम को सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

Who was Mr. 'X' in international politics ? Elaborate his approach to foreign policy. *15*

(c) "मॉर्टन ए. कैपलन का व्यवस्था सिद्धान्त तंत्र उपागम (सिस्टम्स ऐप्रोच) के मौलिक नियमों (प्रीसैप्ट्स) के विपरीत है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Morton A. Kaplan's system theory is contrary to the fundamental precepts of systems approach." Comment. *15*

**Q4.** (a) समसामयिक अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में बहु-राष्ट्रीय निगमों (MNCs) तथा नागरिक समाज के बढ़ते महत्त्व की आप किस प्रकार व्याख्या करेंगे ?

How do you explain the growing importance of multi-national corporations (MNCs) and civil society in contemporary international politics ? *20*

(b) 'वैश्विक गाँव' का क्या अर्थ है ? इसके मुख्य अभिलक्षण बताते हुए, इसके विकास में सहायक कारकों को भी स्पष्ट कीजिए ।

What is 'global village' ? Elaborate its main characteristics and also the factors that contributed to its growth. *15*

(c) उन मुख्य कारकों पर चर्चा कीजिए जिन्होंने संसार को 'बिलियर्ड बॉल मॉडल' से 'कॉबवेब मॉडल' में परिवर्तन करने में योगदान दिया है ।

Discuss the main factors that have contributed to the gradual transformation of the world from 'Billiard Ball Model' to 'Cobweb Model'. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) क्या भारत की सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की तलाश एक सम्भावना है, या कि यह केवल काल्पनिक मुरली बजाने जैसा है ? कारण बताते हुए व्याख्या कीजिए ।

Is India's quest for a permanent seat in the Security Council a possibility or just a pipedream ? Elaborate with reasons. *10*

(b) "अफगानिस्तान भारत के प्रादेशिक और वैश्विक शक्ति के रूप में उदीयमान होने की निर्णायक परीक्षा है ।" चर्चा कीजिए ।

"Afghanistan is a litmus test for India's ascendance as a regional and global power." Discuss. *10*

(c) "यूरोपीय संघ – भारत सम्बन्धों को प्रयोजनपूर्वक 'रणनीतिक' कहे जाने से पूर्व, एक लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा ।" चर्चा कीजिए ।

"EU – India relations have a long way to go before they can purposely be termed strategic." Discuss. *10*

(d) क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि कुछ समय से सं.रा. अमरीका भारत के साथ केवल एक पिछलग्गू के तौर पर व्यवहार करने के बजाय, एक साझेदार के रूप में व्यवहार करने के लिए राज़ी है ? अपने उत्तर के लिए कारण प्रस्तुत कीजिए ।

Do you agree with the view that the USA is of late willing to treat India as a partner rather than merely a camp-follower ? Give reasons for your answer. *10*

(e) भारत द्वारा एन.पी.टी. के विरोध के आधारों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the grounds for India's opposition to NPT. *10*

**Q6.** (a) भारत – जापान सम्बन्धों में हाल के परिवर्तनों का मूल्यांकन कीजिए ।

Evaluate the recent changes in Indo – Japan relations. *20*

(b) "परिसंघीय एकक (फैडरल यूनिट) भारत की विदेश नीति बनाने में आलोचक हैं ।" पश्चिम बंगाल बनाम बांग्लादेश की भूमिका के संदर्भ के साथ इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Federal units are critical in the making of India's foreign policy." Examine this statement with reference to the role of West Bengal vis-à-vis Bangladesh. *15*

(c) "भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति, भारतवासियों की प्रतिभा और उनके हितों के द्वारा निर्देशित रही है ।" स्पष्ट कीजिए ।

"India's policy of non-alignment has been guided by the genius of the Indian people and their interests." Explain. *15*

**Q7.** (a) शीतयुद्धोत्तर युग में भारत – रूस सम्बन्धों के चालकों का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the drivers of Indo – Russian relations in the post-Cold-War era. *20*

(b) भारत की सुरक्षा और विदेश नीति चिंताओं के लिए ईराक और पश्चिमी एशिया में विक्षोभ के परिणामों का परीक्षण कीजिए ।

Examine the implications of turmoil in Iraq and West Asia for India's security and foreign policy concerns. *15*

(c) विगत वर्षों में संयुक्त राष्ट्र-संघ के शांति-अनुरक्षण प्रचालनों में, भारत की भागीदारी का मूल्यांकन कीजिए ।

Evaluate India's participation in United Nations peace-keeping operations over the years. *15*

**Q8.** (a) प्रधानमंत्री कार्यालय (पी.एम.ओ.) के समांतर उदय के साथ विदेश मंत्रालय भारत की विदेश नीति के निर्माण में अपने महत्त्व को खोता जा रहा है । स्पष्ट कीजिए ।

The Ministry of External Affairs is losing its importance in the making of India's foreign policy with the parallel rise of the P.M.O. Explain. *20*

(b) "1962 में चीन – भारत युद्ध के पश्चात्, भारत की विदेश नीति में आए प्रमुख परिवर्तनों में से कुछ निरंतरता के अपेक्षाकृत बड़े ढाँचे के भीतर थे ।" चर्चा कीजिए ।

"Some of the major changes that occurred in India's foreign policy after the Sino – India war in 1962 were within the larger framework of continuity." Discuss. *15*

(c) विदेश नीति के इतिहास में, किन्हीं दो देशों के बीच के सम्बन्ध, शायद ही कभी इतनी तेज़ी के साथ पल्लवित हुए हैं, कि जितने भारत और इज़रायल के मामले में हुए हैं । चर्चा कीजिए ।

In the history of foreign policy, seldom have relations between any two nations blossomed as fast as they have in the case of India and Israel. Discuss. *15*